E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–25/2023 8583 दि0 17/10/2023

आदेश

"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2640 दिनांक–03.04.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री रौशन रंजन, (Emp. ID No.- AEN02246), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा द्वारा प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री रौशन रंजन के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–04.08.2023 को 04:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी को ई–मेल द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि अपीलार्थी द्वारा नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र/प्रमाण–पत्र का सत्यापन हेतु पत्र निदेशालय पत्रांक–1519 दिनांक–15.02.2023 द्वारा Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) को भेजा गया।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) के पत्रांक–126 दिनांक–28.02.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के सत्यापनोपरान्त अपीलार्थी की डिग्री को Not Verified बताया गया है।

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–2021 दिनांक–06.03.2023 द्वारा अपीलार्थी से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने की मांग की गयी। अपीलार्थी द्वारा अपना स्पष्टीकरण ससमय दाखिल नहीं किया गया, फलस्वरूप निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा गलत/फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के आधार पर अपीलार्थी श्री रौशन रंजन, (Emp. ID No.- AEN02246) का संविदा नियोजन समाप्त की गई है।

अपील अभ्यावेदन, निदेशालय द्वारा दाखिल मंतव्य एवं संलग्न साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र संख्या–016605 जो दिनांक–24.10.2018 को निर्गत हुआ है, उसे कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) ने अपने पत्रांक–199 दिनांक–16.03.2023 में स्पष्ट लिखा है:–"संरल क्र0 10 श्री रौशन रंजन आवेदन नं0–AEN02246–श्री रौशन रंजन द्वारा संलग्न की डिग्री क्र0–016605 विश्वविद्यालय द्वारा जारी नहीं की गई है"।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अपीलार्थी फर्जी प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हुए है। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश संख्या–2640 दिनांक–03.04.2023 में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री रौशन रंजन, (Emp. ID No.- AEN02246), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–25 / 2023......8583......**पटना, दिनांक** :–17/10/2023

प्रतिलिपि:– श्री रौशन रंजन, (Emp. ID No.- AEN02246), (संविदा समाप्त) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email- dsinghmunger2018@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/2023

(विनोद कुमार पंकज)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–25 / 2023......8583......**पटना, दिनांक** :–17/10/2023

प्रतिलिपि:– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–25 / 2023......8583......**पटना, दिनांक** :–17/10/2023

प्रतिलिपि:– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–25 / 2023......8583......**पटना, दिनांक** :–17/10/2023

प्रतिलिपि:– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–25 / 2023......8583......**पटना, दिनांक** :–17/10/2023

प्रतिलिपि:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप